किसान ड्रोन का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

19 फरवरी, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम के मानेसर और चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की ड्रोन निर्माण सुविधाओं का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- चेन्नई स्थित गरुड़ एयरोस्पेस एक ड्रोन-एज-ए-सर्विस (डीएएएस) कंपनी है।
- प्रधानमंत्री ने दो स्थानों पर ड्रोन निर्माण सुविधाओं का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया, जिसके परिणामस्वरूप 100 गाँवों में एक साथ 100 किसान ड्रोन उतारे गए।
- इन 100 ड्रोनों ने आज़ादी के 75 साल पूरे होने का ज़श्न मनाने के लिये 16 अलग-अलग राज्यों में ‘आज़ादी का अमृत महोत्सव’ के तहत कृषि छिड़काव अभियान शुरू किया।
- ज्ञातव्य है इस वर्ष की बजट घोषणाओं में प्रौद्योगिकी और नवाचार को प्राथमिकता दी गई है तथा विभिन्न क्षेत्रों में किसान ड्रोन के उपयोग का उल्लेख किया गया है।
- गरुड़ एयरोस्पेस ने गुरुग्राम में डेफसिस सॉल्यूशंस से ड्रोन बनाने के लिये लीज पर जगह ली है। डेफसिस सॉल्यूशन की सुविधा उन्नत डिज़ाइन और प्रोटोटाइप परीक्षण क्षमताओं से लैस है।
- यह 2.5 एकड़ का संयंत्र ड्रोन सॉफ्टवेयर डिज़ाइन, हार्डवेयर स्ट्रक्चरल टेस्टिंग, टाइप सर्टिफिकेशन और प्रतिदिन 40 ड्रोन निर्माण क्षमता का केंद्र है।
- गरुड़ का प्रस्तावित चेन्नई संयंत्र 20 एकड़ की सुविधा पर स्थित है, जहाँ प्रतिदिन 100 ड्रोन उत्पादन की क्षमता और अगले दो वर्षों में 100,000 किसान ड्रोन के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। यह साइट प्रस्तावित आरपीटीओ (रिमोट पायलट ट्रेनिंग) सुविधा भी है, जिसका उद्देश्य इच्छुक ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षित करना है।
- गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, ‘प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गईं हमारी ड्रोन सुविधाएँ गरुड़ के भारत के पहले ड्रोन यूनिकॉर्न स्टार्टअप बनने के दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं। यह स्टार्टअप छह लाख ड्रोन बनाएगा और 2025 तक प्रत्येक भारतीय गाँव में एक ड्रोन को तैनात करेगा।’

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kisan-drones